हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

11 कबलाना गांव में दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा...



12 डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास व अनुशासनपूर्ण वातावरण...



## खबर संक्षेप

### मातन में हुए हादसे में बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** मोटरसाइकिल पर अपने गांव रिवाड़ी खेड़ा जा रहे वासुदेव ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुए सड़क हादसे में घायल हो गया। वासुदेव एचकेआरएन के माध्यम से बहादुरगढ़ के सिविल अस्पताल में ड्यूटी करता है। वह शनिवार शाम को बहादुरगढ़ से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव मातन के निकट पहुंचा तो सड़क के बीच खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से उसकी मोटरसाइकिल टकरा गई। ट्रॉली पर रिफलेक्टर और चेतावनी संकेत नहीं लगे थे, जिससे वह दिखाई नहीं दी। हादसे में वासुदेव को चोट आई और उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती करवाया गया। उसकी मोटरसाइकिल को भी नुकसान पहुंचा। मांडोठी पुलिस चौकी ने शिकायत के आधार पर धारा 285 और 125 (ए) के तहत मामला दर्ज किया है।

### प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व समझाया

**बहादुरगढ़।** आठवें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. बालकिशन तंवर के दिशा-निर्देशन में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी के सहयोग से कैंप लगाया गया। डॉ. सुनीता गुलिया ने प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में बिजेंद्र रोहिला, सुरेश, उमेद, संतरा, अनूप छिछोलिया ने सक्रिय सहभागिता की।

### 90 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 स्थित भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में ब्रह्म समाज सेवा समिति और कांता देवी जय प्रकाश जैन ट्रस्ट ने गुडनेस हॉस्पिटल के सौजन्य से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 90 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया। गुडनेस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अजय जैन ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। महेश वशिष्ठ शिविर के आयोजन का महत्व बताया। कैंप में घनश्याम शर्मा, कंवर नरेश भारद्वाज, राजेंद्र शर्मा, जयवीर भारद्वाज, मदन तिवारी, भूपेंद्र वशिष्ठ, सुनील पारिख, कृष्ण भारद्वाज व नरेंद्र मुदगल आदि का विशेष योगदान रहा।

### बहादुरगढ़ में घट रही वायु गुणवत्ता, निष्प्रभावी हो रही ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियां

# एक्यूआई पहुंचा 439, आंखों में बढ़ी जलन

**वहीं बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की गाड़ियों का भी दिल्ली और एनसीआर में प्रवेश प्रतिबंधित है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

समूचे एनसीआर की भांति बहादुरगढ़ के हालात भी गैस चैंबर सरीखे बने हुए हैं। दिन प्रतिदिन हवा जहरीली होती जा रही है। एक्यूआई लेवल फिर बढ़ गया है। रविवार दोहर 3 बजे 439 एक्यूआई रिकॉर्ड हुआ। खतरनाकर हवा ने दम घोंट रखा है। ग्रेडेड एक्शन प्लान का तीसरा चरण लागू होने के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं।

बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात करें तो वीरवार को 466, शुक्रवार को 388 और शनिवार को 300 एक्यूआई रिकॉर्ड हुआ। लोगों को लगा कि यह राहत का क्रम जारी रहेगा, लेकिन रविवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 4 सौ पार करते हुए अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। बाहर तो क्या, घरों के अंदर भी लोगों का दम घुट रहा है। सुबह से ही प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। दृश्यता भी काफी कम है। आंख खोलते ही जलन का अहसास होने लगता है। साथ ही सांस लेना भी दूभर हो गया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण की पाबंदियों का कोई असर नहीं दिख रहा है। ग्रेप के तीसरे चरण के तहत किसी भी तरह का निर्माण कार्य और तोड़फोड़ से जुड़े कार्यों पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। किसी भी तरह की निर्माण सामग्री पर लाने और ले जाने वाले वाहनों पर भी पूरी तरह से रोक है। वहीं बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की गाड़ियों का भी दिल्ली और एनसीआर में प्रवेश प्रतिबंधित है।




**बहादुरगढ़।** शहर की सड़कों पर नप द्वारा करवाया जा रहा पानी का छिड़काव। फोटो : हरिभूमि

### सुबह की सैर को कुछ दिन के लिए टाल दें

पहली कक्षा से 5वीं तक की कक्षाओं को ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन भी कर दिया गया है। हालांकि इसके बावजूद कूड़ा भी जल रहा है। निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। खतरनाक स्थिति में पहुंचे प्रदूषण से सेहत को बचाने के लिए चिकित्सकों ने आमजन को कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है। डॉ. बीएन मिश्रा के अनुसार सुबह की सैर को कुछ दिन के लिए टाल दें। बाहर जाने पर मास्क का इस्तेमाल करें। घर व आसपास के इलाके में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। दिन में करीब चार लीटर तक पानी पीएं। खाने में शहद, लहसुन, अदरक का अधिक इस्तेमाल करें। प्रदूषण में बच्चों को बाहर खेलने न निकलने दें। अस्थमा के मरीज हमेशा दवाइयां साथ रखें। ज्यादा ट्रैफिक वाले समय में घर से बाहर न निकलें।



**बहादुरगढ़।** प्लास्टिक कबाड़ को हटवाने की मांग करते सेक्टर-13 निवासी।

# अवैध प्लास्टिक कबाड़ पर कार्रवाई की मांग

**सेक्टर-13 निवासियों को झेलनी पड़ रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एक तरफ जहां प्रदूषण ने जीना हराम कर रखा है। वहीं दूसरी तरफ प्लास्टिक वेस्ट को लेकर एचएसपीसीबी के साथ नागरिक भी सख्त रुख अपनाए हुए हैं। सेक्टर-13 निवासियों ने आसपास पनप रही अवैध कबाड़ मार्केट पर कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को सेक्टर-13 आरडब्ल्यूए प्रधान राजबीर दलाल ने स्थानीय निवासियों के साथ सेक्टर की रिलीज हुई जमीन पर पनप रही अवैध कबाड़ मार्केट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां सैकड़ों अवैध झुग्गियां बनी हुई हैं। इन लोगों को बिजली की सप्लाई का कनेक्शन भी मिला हुआ है। काफी मात्रा में यहां पर कूड़े का मिनी डंपिंग स्टेशन बना रखा है। इससे गंदगी के साथ ही प्रदूषण भी बढ़ रहा है। रात को प्लास्टिक तारों को जलाया जा रहा है। पॉल्यूशन के कारण दुर्गंध से जीना हराम हो गया है। राजबीर के अनुसार यह जमीन बागवानी के रूप में रिलीज हुई थी। लेकिन अब इस जगह पर अवैध रूप से प्लास्टिक कबाड़ मार्केट को बसाया जा चुका है। जिस कारण सेक्टर-13 निवासियों को बहुत ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है।




**बहादुरगढ़।** रेलवे पार्क में जल अधिकार प्रदर्शन करते कर्मबीर शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# जल अधिकार के लिए किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार इलाके में लोगों ने स्वच्छ और साफ पानी के अधिकार के लिए जोरदार प्रदर्शन किया है। लोगों ने पानी के मुद्दे पर एकत्र होकर रेलवे पार्क में जनप्रदर्शन किया। भाजपा से जुड़े पार्षद प्रतिनिधि कर्मबीर शर्मा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ।

जल अधिकार मांग को लेकर आयोजित प्रदर्शन में कर्मबीर शर्मा ने कहा कि साफ पानी को लेकर जनता की मांग बड़ा मुद्दा है। लोगों को साफ जल मुहैया करवाने के सरकार लाख दावे करती है, लेकिन लोगों को ना तो साफ पानी मिल रहा है और ना ही रोज निर्धारित समय पर पानी आ रहा है। इसीलिए लोगों ने प्रदर्शन के माध्यम से जल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को साफ और स्वच्छ पानी, हर रोज निर्धारित समय पर देने की मांग उठाई। चेतावनी भी दी है कि अगर उनकी मांग को अनसुना किया गया तो वो इस मुद्दे पर भूख हड़ताल भी कर सकते हैं। दरअसल साफ पानी की मांग को लेकर लोग कई बार जल आपूर्ति विभाग से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन उनकी पानी की दिक्कत का समाधान नहीं हो रहा। अब पार्षद पति कर्मबीर शर्मा ने सरकार के स्वच्छ और समुचित पेयजल की मांग के लिए प्रदर्शन का रास्ता अपनाया है।

**स्वच्छ पानी की आपूर्ति के लिए रेलवे पार्क में इकट्ठा होकर लोगों ने उठाई आवाज**

### कबाड़ी पर हमला कर 16 हजार लूटे

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली हाईवे पर रोहद टोल प्लाजा के निकट कबाड़ी की दुकान चलाने वाले साहिद के साथ देर रात हुई लूट और मारपीट की घटना की शिकायत थाना आसौदा में दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित साहिद के अनुसार घटना 15 नवंबर की रात करीब 12 बजे की है। उस समय वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी काले रंग की एक स्कॉर्पियो उनकी दुकान के सामने आकर रुकी। गाड़ी का नंबर अंधेरा होने के कारण वह देख नहीं पाया। स्कॉर्पियो में तीन युवक सवार थे, जिनमें से दो नीचे उतरकर उसके साथ मारपीट करने लगे। उसी दौरान बदमाशों ने उसके पास मौजूद 16 हजार रुपये छीन लिए और स्कॉर्पियो में बैठकर फरार हो गए। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पीड़ित ने पुलिस से बदमाशों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना आसौदा पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और हाईवे पर लगी कैमरा निगरानी के आधार पर स्कॉर्पियो तथा आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।




**झज्जर।** पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

# निजी बस की टक्कर से बाइक सवार किसान की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव सिलानी फ्लाईओवर के नजदीक एक तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव ग्वालिसन निवासी करीब 46 वर्षीय कुलदीप पुत्र कलीराम के तौर पर हुई है। कुलदीप खेती बाड़ी के साथ-साथ गौशालाओं में ईंख सप्लाई का काम करता था। शनिवार की दोपहर भी वह काम के सिलसिले में बाबरा गांव गया था। कुलदीप जब मोटरसाइकिल पर सिलानी फ्लाईओवर से निकलते हुए वापिस शहर की ओर लौट रहा था तो एक निजी बस ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद गंभीर रूप से घायल कुलदीप को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि रविवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस संबंध में मृतक के भतीजे सतीश पुत्र रामकिशन की शिकायत पर संबंधित बस चालक के खिलाफ के मामला दर्ज किया गया है। सतीश द्वारा दी गई शिकायत में पुलिस को बस के नंबर से भी अवगत कराया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



# नप चेयरमैन ने किया राव मंगली राम पार्क का निरीक्षण

- सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी के दिए निर्देश, पार्क में लोगों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** राव मंगलीराम पार्क के निरीक्षण करते नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

रविवार दोपहर बाद शहर के सीताराम गेट क्षेत्र स्थित राव मंगली राम पार्क का नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने पार्क में चल रहे सौंदर्यकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में किए जा रहे सुधार कार्यों को देखा और संबंधित ठेकेदार को समयबद्ध रूप से कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख पार्कों का चरणबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर व आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि पार्क लोगों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और स्वस्थ्य व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्कों में आमजन को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने पार्क में बैठे लोगों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि शहर के सभी पार्कों को आकर्षक बनाया जाए। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, एडवोकेट पंकज शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# पहलवान लगातार लिख रहे स्वर्णिम अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** डॉ. राकेश कोच का स्वागत करते आयोजक व ग्रामीण।

हरियाणा की समृद्ध कुश्ती परंपरा के संवाहक के रूप में पहलवान लगातार स्वर्णिम अध्याय लिख रहे हैं। यह बात हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सांगवान कोच ने रविवार को कृष्ण कुंडू इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित गोल्ड कप के दौरान पहलवानों का उत्साह बढ़ाते हुए कही। आयोजकों द्वारा किए गए स्वागत के पश्चात एडवाकेट राकेश कोच ने मैट पर पहलवानों के हाथ मिलवाकर कृष्ण कुंडू इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्हें जोश, समर्पण और संकल्प के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती पर कुश्ती केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से विश्व पटल पर हरियाणा व भारत का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता रहे कृष्ण कुंडू, अनुभवी कुश्ती कोच प्रदीप कुमार, योगेश मेहता व आशीष आदि मौजूद रहे। डॉ. राकेश सांगवान ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल, कोचिंग स्टाफ, सभी खिलाड़ियों और कुश्ती प्रेमियों को बधाई दी।

# नारनौल रवाना हुए सैनी समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

महाराजा शूरसैनी की जयंती पर नारनौल की नई अनाज मंडी में आयोजित तीसरे सैनी महाकुंभ में शामिल होने के लिए बहादुरगढ़ से असंख्य लोग रविवार को रवाना हुए। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि महाराज शूरसैनी ने पराक्रम, नीति और संगठन की मिसाल कायम की।

जसबीर के अनुसार समाज के नायकों का सम्मान बढ़ाने और उनके इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। सीएम नायब सिंह सैनी समाज के गौरव हैं और उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण पूरे प्रदेश में सैनी समाज को नई पहचान और सम्मान मिल रहा है।



**बहादुरगढ़।** नारनौल के लिए रवाना होते सैनी समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### ये गए नारनौल

रोहित प्रधान, गौरव सैनी, सुभाष सैनी, जय सिंह, राजू सैनी, पुनीत सैनी, राज कपूर, सुभाष शर्मा, रामकुमार सैनी, धर्मबीर सैनी, आजाद सैनी, कुलदीप सैनी, लालचंद सैनी, नीरज सैनी, जोगेंद्र, रामफल, बिजेंद्र, कृष्ण सैनी, अनिल, नरेश, राजेश, नवीन, मनोज सैनी, जिले सैनी, रविंद्र सैनी, जगदीश सैनी, अतरे, राजबीर व हेमंत सैनी आदि नारनौल गए।

### पंचायती ग्रामीण फुटबॉल महाकुंभ में विधायक ने किया खिलाड़ियों को प्रोत्साहित

# डाबोदा कलां ने बहुअकबरपुर की टीम को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

डाबोदा कलां की टीम ने फाइनल में बहु अकबरपुर की टीम को 2-0 से हराकर पंचायती ग्रामीण फुटबॉल महाकुंभ जीत लिया। गांव डाबोदा कलां-मेहंदीपुर में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव में 45 टीमों ने हिस्सा लिया था। विधायक राजेश जून ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

शहीद भगत सिंह खेल परिसर में ग्रामीणों, ग्राम पंचायत, शिव शक्ति युवा संगठन और आयोजन कमेटी के सहयोग से यह आयोजन हुआ। इसमें कुल 45 टीमें आई थी और जिसमें से 16 को पुरस्कृत किया गया। विजेता रही डाबोदा कलां की टीम को 71 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश जून ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय लिया और फुटबॉल मुकाबले का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए अपनी तरफ से 51 हजार रुपए की धनराशि आयोजकों को दी। विधायक राजेश जून ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के वार्षिक खेल महाकुंभ का आयोजन युवाओं की छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाने का सबसे बड़ा मंच है। सीएम नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने पर पदक अनुसार सरकारी नौकरी, नगद पुरस्कार और सम्मान देकर लगातार प्रोत्साहन दे रही है। इस मौके पर टिंकू, सतबीर प्रधान, प्रदीप दलाल, राकेश दलाल, संगठन प्रधान संदीप सोनू, जयविरेंद्र दलाल, चंद्रभान दलाल, धर्मबीर सिंह, बलजीत दलाल, कृष्ण दलाल, खजान सिंह, वीरेंद्र सिंह व मनीष आदि मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



**बहादुरगढ़।** फुटबॉल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style

# तमन्ना

## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़िल ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।



## हॉलीवुड मसाला




# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

## टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजेनस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।




# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।



# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



**खबर संक्षेप**

## गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर मीटिंग आज



**झज्जर।** डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले की कोई सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी या अन्य संस्था गीता पर आधारित अपने कार्यक्रम या गतिविधि की रूपरेखा तैयार कर बैठक में हिस्सा ले सकती है। हरियाणा सरकार द्वारा जिला स्तर पर 28 नवंबर से एक दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों और संस्थाओं की प्रदर्शनी, गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीता पर आधारित सेमिनार, नगर शोभा यात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

*कपूरी की पहाड़ी से बारहा के महंत कृष्णनाथ द्वारा करवाया जा रहा भव्य आयोजन*

# कबलाना गांव में दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह 29 नवंबर को, तैयारियां जोरों पर

- देशभर के आश्रमों व मंदिरों के महंत एवं साधु संत समारोह में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव कबलाना स्थित श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा पालनाथ जी का धूना स्थल पर आगामी 29 नवंबर को दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज किया जाएगा। धुना स्थल के प्रमुख पुजारी महंत कुलदीप नाथ व वैद्यनाथ महाराज ने बताया कि कपूरी की पहाड़ी से बारहा के महंत कृष्णनाथ द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह में बाबा गोरखनाथ धाम के पीठाधीश्वर एवं यूपी के मुख्यमंत्री महंत आदित्य नाथ योगी व सीएम नायब सिंह सैनी को जहां मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है वहीं विधायक महंत बाबा बालकनाथ योगी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इनके अलावा देशभर के आश्रमों व मंदिरों के महंत एवं साधु संत समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि धूना स्थल पर श्री 1008 सिद्ध बाबा पालनाथ जी महाराज कपूरी की पहाड़ी, योगी तपस्वी बाबा मक्खन नाथ जी महाराज, सिद्ध बाबा सोमनाथ जी महाराज, श्री सिद्ध बाबा ज्योतिनाथ जी महाराज की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। धूना स्थल के सेवक राज कबलाना ने बताया कि पहले दिन 29 नवंबर को भव्य कलश यात्रा व प्रतिमाओं की परिक्रमा एवं स्थापना कराई जाएगी तीस नवंबर को हवन में पूर्ण आहुति डालते हुए विशाल भंडारे व साधु विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



झज्जर। धूना स्थल परिसर में प्रसाद बनाने में जुटे कारीगर। फोटो : हरिभूमि

### बीस एकड़ में लगेगा टेंट, चालीस एकड़ में होगी पार्किंग

सेवक राज कबलाना ने बताया कि समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मुख्य मार्ग से धूना स्थल तक जाने वाले रास्ते पर जहां आकर्षक लाइटिंग की जा रही है वहीं समारोह में भाग लेने वाले करीब दस हजार साधु-संतों व अतिथियों के रहने, ठहरने व खाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अभी से हलवाइयों द्वारा भी काम शुरू कर दिया गया है। बीस एकड़ में लगेगा टेंट, चालीस एकड़ में पार्किंग होगी।

# आरपीएस ने जीता गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब




महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करती हुईं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एकबार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित अंडर-11 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आरपीएस के होनहारों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित आरपीएस स्टाफ ने सभी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में छात्राओं के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आरपीएस महेंद्रगढ़ ने इस वर्ष का प्रतिष्ठित गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के गर्ल्स ग्रुप डांस में प्रथम, गर्ल्स सोलो सॉन्ग में प्रथम, गर्ल्स सोलो डांस में द्वितीय, गर्ल्स ग्रुप सॉन्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और रनर-अप की ट्रॉफी पर कब्जा किया। पुरूष सोलो सॉन्ग में द्वितीय स्थान, पुरूष सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने संपूर्ण टीम को बधाई दी।

विद्यार्थियों की सफलता उनकी लगन, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और प्रोत्साहन का प्रमाण है। इस प्रतियोगिता में राज्य के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया था।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत किया महिला सम्मेलन का आयोजन

**झज्जर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा सोमवती जाखड़ ने की जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता पर व्यापक चर्चा की गई। विकास वाल्मीकि ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की आर्थिक प्रगति और सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही लाड़ली योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सखी केंद्र, महिला कौशल विकास कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूहों के लिए वित्तीय सहायता, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना और ग्रामीण उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम से प्रदेश की लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इन योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और आत्मविश्वास दिया है। इस मौके पर जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़ ने भी अपने संबोधन में कहा कि जिले की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। संगठन उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।




झज्जर। महिला सम्मेलन में मुख्यातिथि के साथ उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 110 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव धौड़ में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संतोष हॉस्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर की ओर से लगाए गए इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच के बाद जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां व परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 110 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सकीय टीम से डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि शिविर में जरुरतमंद लोगों की ब्लड जांच व ईसीजी जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता आई है। यही कारण है कि आयोजित शिविर में लोग अपने बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराने भी पहुंचे। लोगों को पौष्टिक आहार लेने, नियमित व्यायाम करने की सलाह भी दी गई। इस मौके पर डॉक्टर विपिन कादियान, राजकुमार, प्रमोद आदि ने भी सेवाएं दीं।

## बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत विकास व सुशासन पर जनता का भरोसा : नीरज



नीरज भगत

**झज्जर।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा हरियाणा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज भगत ने कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचा है, जिसका साफ प्रभाव चुनाव परिणामों में दिखा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सक्रिय सहयोग और हरियाणा से गए भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की, जिन्होंने बूथ स्तर तक अभियान को मजबूती दी। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास आधारित राजनीति की दिशा में एक बड़ा कदम है। बिहार की जनता ने जातीय और नकारात्मक राजनीति को नकार कर विकास को प्राथमिकता दी है। यह परिणाम आने वाले समय में देश में सकारात्मक राजनीति को नई दिशा देगा।

# नगर परिषद हाउस की बैठक 19 नवंबर को, विकास कार्यों पर होगी चर्चा

**झज्जर।** नगर परिषद द्वारा आगामी 19 नवंबर को परिषद के सभागार हॉल में बैठक का आयोजन कर शहर के सौंदर्यकरण को लेकर विभिन्न एजेंडों पर विचार विमर्श किया जाएगा। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि नप चेयरमैन जिले सिंह से विचार-विमर्श करने उपरांत प्रातः दस बजे निर्धारित की गई इस बैठक में शहर में ऑडोटोरियम का निर्माण करने, विभिन्न स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाने, शहर की सड़कों को चिन्हित करके उन्हें स्मार्ट रोड बनाने, शहर के सभी चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण करने तथा वहां ट्रैफिक लाइट एवं सीसीटीवी लगाने संबंधी मुद्दों पर विचार किया जाएगा। इनके अलावा कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को बीमा सुविधा उपलब्ध कराने, नप कार्यालय में डाटा वेयरहाऊस स्थापित करने, डॉग शैल्टर का निर्माण कराने, विभिन्न वार्डों में विकास कार्य व सौंदर्यकरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।





झज्जर। नगर परिषद भवन का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। शिविर में अपनी स्वास्थ्य जांच कराते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में 45 युवाओं ने किया रक्तदान



झज्जर। रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आयोजक एवं विभागीय टीम।

**झज्जर।** रविवार को क्षेत्र के गांव दादरी तोए में रक्तदान शिविर का आयोजन जन शक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट महराणा, रेडक्रॉस सोसाइटी, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के संयुक्त सहयोग से किया गया। शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्त एकत्रण एवं तकनीकी प्रबंधन नागरिक अस्पताल की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और ग्रामीण युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन का संकल्प लिया। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# ग्रामीणों को दी सामुदायिक मध्यस्थता की जानकारी


- ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इस सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का पूरा लाभ उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रविवार को क्षेत्र के गांव धौड़ में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सामुदायिक मध्यस्थता संबंधी जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि अभियान के दौरान प्रशिक्षित मध्यस्थ गांव-गांव जाकर लोगों को सामुदायिक मध्यस्थता बारे जागरुक करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षित मध्यस्थों से कहा कि वे ऐसे स्थानों पर जाकर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करें जहां अधिक से अधिक लोग इकट्ठा हों और सामुदायिक मध्यस्थता का लाभ उठा सके। आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षित मध्यस्थ करमजीत छिल्लर ने लोगों को सामुदायिक मध्यस्थता संबंधी जानकारी दी। ग्राम सरपंच सत्यनारायण ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को न तो थानों व कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ेंगे बल्कि उनके समय और पैसे की बचत भी होगी। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इस सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का पूरा लाभ उठाएं। सीजेएम विशाल ने बताया कि सामुदायिक मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत आगामी 22 नवंबर को वजीरपुर, 23 को गांव मांगावास, 25 को दुजाना, 29 को बिरधाना व 30 नवंबर को महराणा गांव में कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षित मध्यस्थ करमजीत छिल्लर, सरोज देवी, संदीप जांगड़ा द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता बारे विस्तार से जानकारी दी जाएगी।




झज्जर। कार्यक्रम में प्रशिक्षित मध्यस्थों के साथ उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए मुख्यातिथि संजय कबलाना। फोटो : हरिभूमि

# कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ 52 रक्तवीरों ने बढ़ाए हाथ

- गांव सिवाना में 104वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया
- रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ क्षेत्र के गांव सिवाना में 104वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैंकड़ों युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साह से भागीदारी की। शिविर की अध्यक्षता साहिल कुमार ने की जबकि मुख्यातिथि के रूप में संजय कबलाना और विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच सुरेश कुमार उपस्थित रहे। रक्त एकत्रण का कार्य एम्स संस्थान बाढ़सा की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। चिकित्सकीय टीम सदस्यों ने बताया कि कैंसर के उपचार में की जाने वाली कीमोथेरेपी में शरीर की रक्त कोशिकाएं तेजी से नष्ट होती हैं जिससे कई मरीजों को एनीमिया, प्लेटलेट्स कम होने व रक्त के बिना कीमोथेरेपी रोकनी भी पड़ सकती है। ऐसे रोगियों को सप्ताह से दस दिन के अंतराल में रक्त की जरुरत होती है। उपलब्ध रक्त यूनिट सीधे मरीज की जान बचा सकती है। शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट की ओर से रीना, श्रीभगवान, संजू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग)

❖ श्री रिषी पाल सुपुत्र श्री केदार सिंह 338/25, विशाल नगर, गली नं. 5, सोनीपत ❖ मुकेश कुमार सुपुत्र श्री बनवारी लाल, विकास नगर, गली नं. 4, रेवाड़ी ❖ श्री जतिन सुपुत्र श्री सहीराम, म.नं. 360/30, देव कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राजीव कुमार, सुपुत्र श्री राम, म.नं. 258/18, भीष्मपुरा, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री अमन सुपुत्र कंवल चावला, 1807/13, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार, 1060/11, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री चाहत सुपुत्र नवीन, 630/12, गढ़ी मौहल्ला रोहतक ❖ श्री भूपेंद्र सिंह सुपुत्र रोशन सिंह, 869/ए 23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार पुत्र श्री राजकुमार निवासी 1210/4, हरीपुर, पंचकुला ❖ श्री जितेंद्र सिंह सुपुत्र राकुवार भट्टी, रविदास मंदिर, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति अन्नु सुपुत्री अशोक, गांव व डा. बलियाणा, तह. सांपला, रोहतक ❖ निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, नाहड़, कोसली, रेवाड़ी ❖ श्री किरण भल्ला पत्नी श्रीमति राज कुमार, म.नं. 410/29, राम गोपाल कॉलोनी, रोहतक ❖ गर्वित सुपुत्र श्री जवाहर सिंह मं नं. 104 A-1, पटेल नगर, सोनीपत ❖ राजेन्द्र प्रसाद सुपुत्र श्री गोकुल सिंह, गांव जोनावास, महेन्द्रगढ़ ❖ कुणाल शर्मा सुपुत्र श्री सुनील शर्मा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सितम्बर रंगा सुपुत्र श्री अजायब सिंह, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री महेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री माहवानंद, म.नं. 783/20, एकता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्रस्वरूप शर्मा, गांव व डा. जसिया, तह. व जिला रोहतक ❖ अनिल कुमार सुपुत्र श्री राम कुमार जांगडा, गांव पाथेडा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान सुपुत्री श्री दिनेश कुमार, गौतम नगर, गोहाना, सोनीपत ❖ खुशी सुपुत्री श्री प्रमोद, ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोला कॉलोनी, करनाल ❖ रणबीर सिंह पुत्र श्री रामसरूप सिंह निवासी बैंक कालोनी, बस स्टैंड के सामने, रोहतक रोड़, भिवानी ❖ श्री नीरज सुपुत्र सुरेंद्र सिंह, 780/34, हरी सिंह कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र मंगलीराम, मेन बाजार, नीयर खुराना अस्पताल, कलानौर, रोहतक ❖ श्री ओम सैनी पत्नी श्रीमति संतोष, शेरविंदर कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ अमित, एससीओ 410 FF, सैक्टर 8, पंचकूला ❖ डॉ. जकविंदर सिंह सुपुत्र चौधरी सूरज सिंह, गांव व डा. बन, तह. लाडवा, करनाल ❖ कृष्ण पुत्र श्री सतबीर, जुलाना, वार्ड नं.7 नियर शिव मंदिर, जीन्द ❖ शिवम सुपुत्र श्री मनोज कुमार, गांव जुलाना, जीन्द ❖ सत्यनारायण गुप्ता सुपुत्र श्री मदनलाल गुप्ता, वार्ड नं. 1, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री पंकज सुपुत्र सत्यपाल, म.नं. 163/13, हनुमान कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक ❖ परविन्दर कुमार सुपुत्र भूपेंद्र सिंह चावला, 647/23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार सुपुत्र श्री तोताराम, सिलारपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ धनीराम सुपुत्र श्री सोहनलाल, सुलखा, बावल, रेवाड़ी ❖ धर्मसिंह सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव बिठवाना, रेवाड़ी ❖ सुशील सुपुत्र श्री धूप सिंह गांव जुलाना, जीन्द ❖ जतिन कुमार सुपुत्र श्री गणेश कुमार, उत्तम नगर, गली नं. 4, सोनीपत ❖ चन्द्र हास सुपुत्र श्री मातादीन, सलीमपुर, अटेली मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हुक्म चन्द सुपुत्र श्री प्रभाती लाल, गांव सिलाठपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ पूनम देवी पत्नी श्री नारायण गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ बालकराम सुपुत्र श्री ताराचन्द, बुढा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ श्री सतपाल सुपुत्र श्री रामकुमार, खातीवास, झज्जर ❖ रामनिवास पुत्र श्री निहाल सिंह, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ कृतिका सुपुत्री श्री राकेश, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ काव्या सुपुत्री श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ देवेन्द्र सुपुत्र श्री ताराचन्द, गांव बुढा खेडा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ प्राची बत्तरा सुपुत्री श्री संजय, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कमला देवी पत्नी श्री नरोत्तम दास, गुजरवास, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ सन्दीप सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, वार्ड 8, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## खबर संक्षेप

### महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**झज्जर।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी स्वप्निल रविंदर पाटिल ने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। चयनित महिलाओं को यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के अंतर्गत डेढ़ लाख रुपए एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए एवं प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए एवं प्रशस्ति पत्र तथा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए इक्यावन हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न आठ श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को इक्कीस हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### जिला स्तर पर आज लगेंगे समाधान शिविर

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और



सरकारी सेवाओं को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित होगा, जबकि उपमंडल बहादुरगढ़, बेरी और बादली में संबंधित लघु सचिवालयों में एसडीएम नागरिकों की शिकायतें और मांगें सुनेंगे।

### डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास व अनुशासनपूर्ण वातावरण में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# वार्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाया

**विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के वाद्य यंत्रों के माध्यम से परम्परागत और आधुनिक ध्वनियों के संगम से अनेक गीत प्रस्तुत किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी व कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

रविवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव विवित्सा हर्षोल्लास और अनुशासनपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान स्कूल की वार्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विज्ञान, साहित्य, खेल, कला समेत अन्य सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभा संपन्न विद्यार्थियों को पुरस्कार, मेडल और प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक एके अदलखा व विशिष्ट अतिथि आरके सेठी के साथ प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शालू शर्मा व प्रेम द्वारा मंच संचालन किया गया। विजय शैलानी और प्रेम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के वाद्य यंत्रों के माध्यम से परम्परागत और आधुनिक ध्वनियों के संगम से अनेक गीत प्रस्तुत किए। नर्सरी ने एनिमल एंड बर्ड थीम नृत्य, एलकेजी ने कार्टून थीम, यूकेजी ने कलर थीम तथा पहली द्वारा बॉलीवुड थीम पर मनोरंजक प्रस्तुतियां दी। दूसरी के विद्यार्थियों ने पुरानी व नई पीढ़ी विषय पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। तीसरी के विद्यार्थियों ने संस्कार थीम पर नाटक प्रस्तुत किया। पांचवीं ने नारी शक्ति को समर्पित प्रेरणादायी नृत्य और आठवीं ने बंगाल के रंग नृत्य किया। नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी और क्लासिकल नृत्य किए।

#### विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी

*एके अदलखा ने कहा कि स्कूल में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित की जा रही है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों एवं छात्रों के अनुशासन की विशेष सराहना की। आरके सेठी ने भी विद्यालय की प्रगति की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूल की उपलब्धियों, परीक्षा परिणामों और अन्य गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में चेयरपर्सन सरोज राठी, पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, डॉ. आशा शर्मा, अंजू अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, गजानंद गर्ग, पंकज वालिया, ब्रह्मजीत छिकारा, जयपाल दहिया, बिजेंद्र खोखर, आर्य राजेश राठी आदि उपस्थित रहे।*

# शिविर में जांचा 219 लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कैंप में एसीपी प्रदीप खत्री का स्वागत करते सार्थक समिति सदस्य।

रविवार को सार्थक सेवा समिति ने जीवन ज्योति हस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। लाइनपार स्थित भीमराव अंबेडकर मिडल स्कूल में लगे कैंप में 219 लोगों का स्वास्थ्य जांचने के साथ ही चिकित्सकों ने उचित परामर्श दिया।

एसीपी क्राइम प्रदीप खत्री व समिति के वरिष्ठतम सदस्य महा सिंह सैनी ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। अंबेडकर सभा के प्रधान उमेद सिंह व प्रिंसिपल रामानंद रंगा आदि के सहयोग से यह कैंप लगाया गया। जेजे हॉस्पिटल के संदीप व मंजीत की देखरेख में चिकित्सकों की टीम ने कैंप में आए 219 लोगों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप में जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार लाभार्थियों को तीन दिन की दवाई व चश्मे भी प्रदान किए गए। एसीपी प्रदीप खत्री ने सार्थक सेवा समिति के सदस्यों की खूब सराहना की। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने बताया कि ऐसे कैंपों से समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। सार्थक परिवार पिछले 9 साल से ऐसे आयोजन कर रहा है।

# बिहार जीत पर जाखौदा में मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जाखौदा में हुए कार्यक्रम में चेयरपर्सन का स्वागत करते ग्रामीण।

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर रविवार को गांव जाखौदा में विजय उत्सव मनाया गया। संदीप सिंह के निवास पर हुए कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जहां ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए प्रवासियों ने बिहार में एनडीए की जीत पर खुशी का इजहार किया। इस दौरान मनमोहित गुप्ता, रवि, कुलदीप, सचिन, रिंकू, नरेश, संदीप, विजय, मनजीत, जोगेंद्र, कर्मवीर, भोला, रमेश, राजू, देवेंद्र व प्रवीण कुमार के साथ रामप्यारी, अंगूरी, कस्तूरी, उर्मिला, मीनाक्षी, मंजू, सीमा, पूनम, शर्मिला, सोनिया व आशा आदि शामिल हुए। महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाकर जीत का जश्न मनाया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, सुरक्षा और जनकल्याण की नीति पर भरोसा करते हुए बिहार की जनता ने एक बार फिर एनडीए को समर्थन दिया है। यह जीत आम लोगों की उम्मीदों और विश्वास का प्रतीक है।

उन्होंने प्रवासियों की तारीफ करते हुए कहा कि बहादुरगढ़ में बसे प्रवासी यहां की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विजय उत्सव के दौरान ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर जीत की खुशियां साझा कीं।

# दिनेश ने कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल

**125 किलोग्राम फ्री स्टाइल कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कोच सूबेदार परमजीत के साथ पदक विजेता दिनेश पहलवान।

दिल्ली में आयोजित 74वीं इंटर सर्विसेज चैंपियनशिप में गांव गोयला कलां के अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुश्ती खिलाड़ी दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 125 किलोग्राम फ्री स्टाइल कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता है।

भारतीय सेना की ओर से खेलते हुए दिनेश ने फाइनल मुकाबले में भारतीय नौसेना (नेवी) के पहलवान पुष्पेंद्र को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। दमदार दांव-पेच और अनुभव के दम पर गोलिया ने पूरे टूर्नामेंट में विरोधियों को संभलने का मौका नहीं दिया।

दिनेश धनखड़ भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हैं। कोच सूबेदार परमजीत ने बधाई देते हुए बताया कि इससे पहले भी वह वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन चैंपियनशिप सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए मेडल जीत चुके हैं। उनकी गिनती देश के बेहतरीन हेवीवेट पहलवानों में होती है। कठोर अभ्यास, अनुशासन और लयबद्ध ट्रेनिंग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया। दिनेश की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और स्थानीय पहलवानों में भी उत्साह बढ़ा है।

# हरिपुरा मोहल्ले में सीवरेज से निकल रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के हरिपुरा मोहल्ला क्षेत्र में सीवरेज से निकल रहे गंदे पानी के कारण दुकानदार काफी परेशानी है। जिसके कारण दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि सीवरेज का मेन हाल बंद होने से गंदा बदबूदार पानी सड़क पर निकलने से राहगीरों, स्कूली बच्चों को एवं स्थानीय दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। दुपहिया वाहनों के आने जाने से राहगीरों पर गंदे पानी के छींटें भी लगते है।

दुकानदार मुकेश वर्मा, जगदीश चौपड़ा, बिल्लू वर्मा ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से समस्या के जल्द समाधान करने की मांग की है।



झज्जर। सीवरेज से निकलता हुआ गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सेल्यूट करती स्वयंसेविकाएं व स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर किया सेल्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सेल्यूट कर उनका आभार व्यक्त किया। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का प्रतीक है।

प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को स्थापित करने और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने के उद्देश्य से भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना 4 जुलाई 1966 को की गई थी। जबकि 16 नवम्बर 1966 से इस परिषद ने औपचारिक रूप से कार्य करना आरंभ किया था। शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। यह दिन मीडिया की समाज के प्रति जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों की भी याद दिलाता है। डिजिटल युग में मीडिया की बदलती दिशा, नई चुनौतियों, तकनीकी प्रगति और पत्रकारिता में बढ़ती गतिशीलता को दर्शाती है। स्वयंसेविकाओं ने कहा कि लोकतंत्र के मूल्यों और जनमत की रक्षा में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### शहीद यादगार कमेटी ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# बलिदान दिवस पर सराभा को किया नमन

- अमेरिका में पढ़ने गए करतार सिंह सराभा गदर पार्टी के अग्रणी क्रांतिकारी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। करतार सिंह सराभा को याद करते जयकरण मांडोठी। फोटो : हरिभूमि

आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी अमर शहीद करतार सिंह सराभा के 110वें शहादत दिवस पर रविवार को शहीद यादगार कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कमेटी सदस्यों ने श्रद्धा के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया।

श्रद्धांजलि सभा में शहीद यादगार कमेटी से जुड़े रिटायर्ड डीएफओ सतबीर सिंह दहिया, प्रोफेसर जगदीश राहड, धर्मप्रकाश, एडवोकेट हरबीर सिंह राठी, धनराज तहलान, रिटायर्ड प्रिंसिपल शारदा दीक्षित, एडवोकेट उमेद सिंह दहिया, बिजेंद्र सिंह सैनी, महाबीर सिंह नीलवाल, सुमेश कौशिक, जयकरण मांडोठी, कृष्ण कुमार अहलावत व रामकिशन समेत अन्य वक्ताओं ने शहीद करतार सिंह सराभा के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। मात्र 19 साल की आयु में फांसी के फंदे पर चढ़ने से पहले क्रांतिकारी नौजवान करतार सिंह सराभा ने लाहौर की जेल की दीवारों पर लिखा था कि शहीदों का खून व्यर्थ नहीं जाता। अमेरिका में पढ़ने गए करतार सिंह सराभा गदर पार्टी के अग्रणी क्रांतिकारी बने। वापस आकर पंजाब में सशस्त्र संग्राम में जुट गए। अंग्रेजी सरकार ने इन क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर लिया।

करतार सिंह सराभा और उनके 6 साथियों को 16 नवंबर 1915 को फांसी दे दी गई। भगत सिंह भी उन्हें अपना हीरो मानते थे। उनके संघर्ष व कुर्बानी ने असंख्य नौजवानों को मुल्क की खातिर मर मिटने के लिए प्रेरित किया।

#### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

*श्रद्धांजलि सभा में रामबीर सिंह राठी, गगन, सूरज, निखिल, गुरमीत सिंह, सतीश कुमार, प्रदीप सिंह, रविंद्र सिंह, सोनिया, सतबीर सिंह बल्हारा, सौम्या, दीपिका, वेदपाल सहवाग, अमन कुमार, राकेश कुमार, रतन सिंह यादव, श्रीकृष्ण, शमशेर सिंह, सरोजनी, राजरानी, लालजी, लवली व प्रिंस राठी आदि ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।*



बहादुरगढ़। मंजू जाखड़ की उपस्थिति में पढ़ने की आदत डालते विद्यार्थी।

#### साहित्य पढ़ना और लिखना जरूरी

**बहादुरगढ़।** साहित्य न केवल अकादमिक सफलता के लिए बल्कि एक संतुलित जीवन शैली और संवेदनशील इंसान बनने में भी मदद करता है। इसीलिए शिक्षाविद एवं साहित्यकार मंजू जाखड़ विद्यार्थियों को लगातार साहित्य पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके अनुसार इससे बच्चों की रचनात्मक शक्ति बढ़ती है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा था कि साहित्य जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिंब है। इसे सही मानते हुए शिक्षाविद मंजू जाखड़ का कहना है कि आज समय बदल गया है। समय के साथ लेखन और युवावर्ग की सोच में भी बदलाव आया है। गूगल युग में रचनात्मकता खो रही है। शिक्षाप्रद साहित्य का स्थान मनोरंजक साहित्य ने ले लिया है। ऐसे में युवावर्ग के लिए साहित्य पढ़ना और लिखना जरूरी हो गया है। क तरफ जहां युवा इंटरनेट व ऑनलाइन सामग्री में उलझा हुआ है, वहीं उनका प्रयास है कि विद्यार्थी साहित्य पढ़े और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ें। साहित्य विषय को अलग-अलग तरीकों से समझने में मदद करता है। युवा जितना साहित्य से जुड़ेंगे, उतना ही उनकी शब्दावली में सुधार होगा। वे किसी भी विषय पर स्पष्टता से विचार व्यक्त करने में सक्षम हो पाएंगे। साहित्य हमें अलग दुनिया में ले जाता है, जहां सुकून है व तनाव कम हो जाता है।